Seventeenth Loksabha

an>

**Title: Need to declare Eastern Rajasthan Canal Project as a National Project.**

**श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां):** अध्यक्ष महोदय, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) वर्ष 2051 तक मेरे निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ - बारां सहित 13 जिलों में राज्य की 41% आबादी को लंबी अवधि की सिंचाई और पेयजल की जरूरतों को पूरा करेगी यह खेती योग्य भूमि को 2 लाख हेक्टेयर तक बढ़ायेगी और भूजल स्तर में वृद्धि करेगी ।

इस परियोजना की प्रस्तावित लागत लगभग रु. 37,000 करोड़ रूपये हैं । काम में देरी होने की वजह से यह आंकड़ा रोजाना बढ़ रहा है । राज्य इस परियोजना की कीमत अकेले वहन नहीं कर सकता । वैसे भी राजस्थान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है । इसका राजकोषीय घाटा 4.36% है, जो FRBM की 3% की सीमा से अधिक है । इसके 2022-23 के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित अपने वित्तीय और ऋण लक्ष्यों को पार करने का भी अनुमान है । इसलिए, राज्य को इस परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता की आवश्यकता है जो केंद्र ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करके प्रदान कर सकता है ।

मैं माननीय मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह जल्द से जल्द ईआरसीपी को एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में घोषित करें या पीकेसी परियोजना के साथ ईआरसीपी के लिंकेज के लिए एक प्रस्ताव का सुझाव दें जो परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर विचार करने योग्य बनाता है ।